कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यालय
नगर परिषद्, बड़हिया (लखीसराय)
बिहार सरकार
अल्पकालीन री–टेंडर आमंत्रण सूचना
ई–टेंडरिंग द्वारा (www.eproc2.bihar.gov.in), वर्ष 2026 / NIT No. 12 / 2026–27

1 विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बड़हिया, लखीसराय।
2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : 26.10.2026
3. टेंडर कागजात डाउनलोड करने की अवधि : दिनांक 05.11.2026 पूर्वा0 10.00 बजे से दिनांक–17.11.2026 के 15:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4 प्रि बीड मिटिंग का स्थान/तिथि : दिनांक 06.11.2026 को 14:00 बजे से। स्थल, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बड़हिया, का कार्यालय कक्ष
5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 18.11.2026 के 15.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक 18.11.2026 के पूर्वा0 15.30 बजे (on website www.eproc2.bihar gov.in)
7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी निर्णय के बाद (on website www.eproc2.bihar gov.in)
8 कार्य का विवरण :–

क्र0स0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपया में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य बीड प्रोसेसिंग का (अप्रत्यर्पणीय)	Bid Processing Fee (Through Online) (अप्रत्यर्पणीय रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडग मोनसून अवधि माह में)
1	Design, Build, construct, install, and commissioning of Material Recovery Facility (MRF) of 10 TPD for dry waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years.	Rs. 29877500.00/-	Rs.597600.00/- (2% of the Project Cost)	Rs. 10000.00/-	Eproc2 वेबसाईट के अनुसार	9 माह

नोटः– 1- Bidders should submit Bid Processing fee through the online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in
09. निविदा की वैधता : 180 दिन
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in में देखा जा सकता है।

PR- 014414 (B & C) 2026-27
Executive Officer
Nagar Parishad Barahiya

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल पूर्णियाँ
बिहार सरकार
Email ID: ee.purnea.bcd@gmail.com
राष्ट्रीय/स्पर्द्धा केवल ई0–निविदा पद्धति के अनुसार
Website एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर
ई0–निविदा आमंत्रण सूचना
ई0–निविदा संख्या– 37 / 2026–27

कार्य का विवरणः–

क. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	बीड प्रोसेसिंग फीस+सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
01	Repairing work of Baba Saheb Dr. Bhim Rao Ambedkar SC Awasiye High School Hostel-01 Jankinagar, Banmankhi, Purnea for the year 2024-25	51,51,880.00	1,04,000.00	10,000.00	As Per Website (eproc2.bih.gov.in)	03 माह

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ।
2. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड की) अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक 05.11.2026 से 27.11.2026 को 3:00 बजे अप0 तक
3. निविदा प्राप्ति (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 28.11.2026 3:00 बजे अप0 तक
4. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.11.2026 3:30 बजे अप0
5. निविदा वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात
6. प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– (I) 12.11.2026 3:00 बजे अप0 को कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ के कार्यालय।
:–(II) 20.11.2026 3:00 बजे अप0 को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के कार्यालय।
7. परिमाण विपत्र की बिक्री स्थान :– बेवसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :– बेवसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in)
9. निविदा बैधता की तिथि :– 120 दिन
10. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार Website (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जाएगा। ई–मेल से संबंधित जानकारी सहायता Toll Free No-18005726571 से प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ

PR. No. 014370 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

Office of the Principal
Government Polytechnic, Barh
Govt. of Bihar
E-mail ID – gpbarhpatna@gmail.com, Website- www.gpbarh.in NIT NO. – GPB-01/2026
Notice Inviting Tenders
(Through e-procurement mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)

1. Government Polytechnic, Barh Hajpur English ranabigha Barh Pin:803213 has been constituted under the Department of Science, Technology and Technical Education, Government of Bihar to cater the need of technical education.The institution is committed to enhance its library resources to support the academic and research needs of its students and faculties.
2. The Government Polytechnic, Barh Institute intendent to invite bids from eligible entities to submit proposals for supply of library books that cater to the diverse needs of our diploma programme as mentioned in the tender document.
3. To participate in the e-tendering process, the bidder/agency are required to get themselves registered with eproc2.bihar.gov.in.

Tender Schedule:

Sn.	Event Description	Timeline
4.1	Last date & time of downloading the RFP	Till 19/11/2026 up to 3:00 PM, on eproc2.bihar.gov.in
4.2	Pre-bid meeting (if required)	**07/11/2026 at 11:00 AM**
4.3	Submission (upload) of online bidding document.	**19/11/2026 till 5:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in
4.4	Submission of EMD	1. Earnest Money Deposit (EMD) of Rs.75,000/- (seventy-five Thousand rupees only) as Demand Draft from any Schedule Bank in favour of "Principal Government polytechnic barh on or before 19.11.2026. 2. Tender Fee of Rs.1,500/- (One Thousand Five Hundred rupees only) as Demand Draft from any ScheduleBank in favour of "PrincipalGovernment polytechnicBarh "on or before 19.11.2026
4.5	Opening of Technical Bid	20/11/2026 on the eproc2.bihar.gov.in
4.6	Opening of Financial Bid	**After completion of technical evaluation, the financial evaluation should be done on the eproc2.bihar.gov.in**
4.7	Pre- bid meeting venue	Government Polytechnic, Barh Hajpur English ranabigha Barh Pin:803213
4.8	Contact person	Principal, Government Polytechnic, Barh Hajpur English ranabigha Barh Pin:803213 Email ID- gpbarhpatna@gmail.com
4.9	Method of Selection	Least Cost Selection (LCS)

Note:
a. Interested bidders may obtain further information about this Notice Inviting Tender (NIT) from the office of Government Polytechnic, Barh and Institute website - www.gpbarh.in
b. No tender will be accepted after closing date and time in any circumstances.
c. Tender is floated on https://eproc2.bihar.gov.in website.

Principal
Government Polytechnic,Barh

PR- 014398 (Scince & Tech.) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

आपसी विवाद में मारपीट, आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

दरौंदा (सीवान)। दरौंदा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में सुरेश राय ने थाने में आवेदन देकर पड़ोस के लोगों पर लाठी–डंडे से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मामले में उमेश कुमार, ओसीहर राय, सुभाष राय, शैलेश राय, शारदा देवी, तारा देवी, आशा देवी और दुर्गावती देवी के घायल होने की जानकारी दी गई है।दरौंदा थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

युवक की बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

दरौंदा थाना क्षेत्र के दिलावर मार्केट में बाजार करने आए एक युवक की बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित गौतम कुमार के अनुसार, वह बाजार करने के लिए दिलावर मार्केट आया था। इसी दौरान मार्केट के समीप खड़ी उसकी बाइक चोरी हो गई। चोरी गई बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 29 एपी 7710 है।इस संबंध में दरौंदा थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कांड संख्या 461/2026 दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

चाकूबाजी में तीन युवक घायल

बरौली। बरौली थाना क्षेत्र अतर्गत सरफरा पंचायत के मौजे सरफरा पांडेय टोला में बुधवार की रात श्राद्ध भोज के दौरान युवकों के बीच विवाद में चाकूबाजी हो गई। इस घटना में तीन युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान सरफरा गांव निवासी विकास कुमार पांडेय, अंकित कुमार पांडेय और मिंटू कुमार पांडेय के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बरौली में भर्ती कराया गया।

सात माह से फरार हमला का आरोपी गिरफ्तार

कुचायकोट।कुचायकोट थाना क्षेत्र में जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को कुचायकोट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रामपुर माधो गांव में छापेमारी कर आरोपित को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव के ही यादव लाल यादव के रूप में हुई है।पूछताछ के बाद पुलिस ने गुरुवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,बीते 26 मार्च को रामपुर माधो गांव निवासी अजीत कुमार यादव पर पुलिस की मुखबिरी करने के संदेह में चार लोगों ने चाकू, रॉड और अन्य हथियारों से हमला कर दिया था।हमले में अजीत कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले में घायल की मां ज्ञानती देवी के बयान पर दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से ही यादव लाल यादव फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी।इसी बीच गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

अगलगी में घर का सारा सामान हुआ राख

गुठनी(सिवान)। गुठनी थाना क्षेत्र के चित्ताखाल गांव में बुधवार की रात्रि आग लगने से एक का सारा सामान जलकर राख हो गया है। घर की गृहस्वामिनी स्व असगर अली की पत्नी सायरा खातून ने बताया कि बुधवार की रात्रि मैं अपने चार बेटियों संग खाना खाने के बाद कमरे में सोने चली गयी। रात्रि करीब 11 बजे मेरे घर में अचानक आग की लपट दिखी और घर मे आग पकड़ लिया। यह देख घर के कच्चे ईट के दीवाल को तोड़कर बेटियों संग घर से बाहर निकल कर जान बचा सकी। हमलोगों शोर और आग देखकर गांव के लोग पहुचकर आग बुझाने लगे। जबतक आग पर काबू पाया गया तबतक सबकुछ जलकर राख हो गया। अगले सप्ताह बेटी की सगाई होनी है इसलिये बहुत सारा सामान खरीदा गया था वह भी जलकर नष्ट हो गया। घर मे रखा अनाज,कपड़ा,मोबाइल, साइकिल, चौकी, खटिया, जरूरी कागजात संग संजो कर रखे कुछ पैसा भी जल गया। शायरा खातून बकरी पालन कर घर परिवार का खर्च चलाती है। इनकी पांच बेटियां व एक 17 वर्ष का बेटा है जो घर की परिस्थिति को देखकर मुंबई दैनिक मजदूरी करने चला गया है। शायरा का घर गांव के बाहर है जहां तक बिजली का कनेक्शन नही पहुचा है और शायरा का परिवार आज भी मोमबत्ती व बैटरी लाइट के सहारे रहता है। बुधवार की रात्रि आग लगने के कारण का सही पता तो नही चल सका है लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि मोमबत्ती के गिरने से आग पकड़कर फैल गया होगा। सीओ डॉ विकास कुमार ने बताया जानकारी मिली है सम्बंधित कर्मचारी को मौके पर भेजकर जांच करवाया जा रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

तकनीकी नवाचारों से मिलेगी...

विभूतियों की विरासत बिहार की बौद्धिक परंपरा का प्रमाण है। इस गौरवशाली विरासत को आधुनिक वैज्ञानिक सोच और तकनीकी क्षमता के साथ जोड़कर राज्य को विकास के नए आयाम तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों, वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों से आह्वान किया कि वे बिहार की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक और उपयोगी एप्लीकेशन विकसित करें। ऐसे समाधानों को केवल तकनीकी प्रयोग तक सीमित न रखते हुए धरातल पर लागू किया जाएगा, ताकि उनका वास्तविक लाभ आम जनता, किसानों और प्रशासनिक व्यवस्था को मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की चुनौतियों को अवसर में बदलना समय की आवश्यकता है। नेपाल तथा मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की ओर से आनेवाले जल प्रवाह के कारण राज्य के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की समस्या उत्पन्न होती है। दूसरी ओर, राज्य की विशाल जनसंख्या भी बेहतर संसाधन प्रबंधन और प्रभावी सार्वजनिक सेवाओं की मांग करती है। अंतरिक्ष आधारित तकनीक, रिमोट सेंसिंग और वैज्ञानिक आंकड़ों का उपयोग बाढ़ की निगरानी, जल प्रबंधन, कृषि नियोजन और विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायक हो सकता है। उन्होंने वर्षा और नदियों के जलस्तर के संदर्भ में कहा कि वर्षा में लगभग 32 प्रतिशत की कमी के बावजूद बिहार में बाहरी क्षेत्रों से आनेवाले जल प्रवाह के कारण गंगा, सोन और गंडक जैसी नदियों के जलस्तर पर प्रभाव देखा गया। ऐसी परिस्थितियों में वैज्ञानिक पूर्वानुमान, जलस्तर की निरंतर निगरानी और समन्वित जल प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने बिहार के लिए नदियों के जल के समुचित उपयोग की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य को विशेष रूप से गंगा नदी के जल का वर्षभर पेयजल और सिंचाई जैसे आवश्यक उद्देश्यों के लिए उपयोग करने की दिशा में प्रभावी पहल की आवश्यकता है, इसके लिए वैज्ञानिक अध्ययन, बेहतर योजना और संबंधित राज्यों के साथ समन्वय महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने तकनीकी शिक्षा को सुलभबनाने की दिशा में बिहार सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में इंजीनियरिंग कॉलेजों में 10 रूपये तथा पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 5 रूपये की फीस की व्यवस्था युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने राज्य में ऐतिहासिक नामों और विरासत से प्रेरित 12 नई टाउनशिप विकसित करने की योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि नियोजित शहरी विकास के लिए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों और तकनीकी संस्थानों से नए नवाचारों को अपनाने, आपसी सहयोग बढ़ाने तथा तकनीकी समाधानों को जनहित से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीक का वास्तविक उद्देश्य शासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाना तथा बिहार के विकास को नई गति प्रदान करना है। कार्यशाला में अंतरिक्ष आधारित तकनीकी समाधानों के उपयोग, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा राज्य की विकास संबंधी चुनौतियों के समाधान में वैज्ञानिक अनुप्रयोगों की संभावनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान इन स्पेस, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम आनंद तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह, हरित पौधा एवं अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, इन स्पेस अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम आनंद, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा तथा निदेशक रणनीति एवं योजना इन स्पेस डी0बी0 खोत ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यशाला में आये हुये प्रतिभागी उपस्थित थे।

पार्टी अनुशासन से...

कुमार की जीत नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी के नेतृत्व की जीत है. नीरज कुमार तीसरी दफा चुनाव जीते हैं. जनता दल यूनाइटेड ने अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने दोनों की प्राथमिक सदस्यता खत्म करने की घोषणा की. जेडीयू ने विधानसभा अध्यक्ष से संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की सिफारिश भी की. जेडीयू के अनुसार, बिहार विधान परिषद चुनाव के दौरान अनंत सिंह और नीलम देवी ने पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार नीरज कुमार के बजाय जन सुराज के उम्मीदवार अनुज सिंह का समर्थन किया. मोकामा विधायक अनंत सिंह की विधायकी खत्म किए जाने के मामले पर स्पीकर प्रेम कुमार ने कहा कि उमेश कुशवाहा की तरफ से लेटर मिला है. अनंत सिंह पर आरोप है कि उन्होंने पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ जाकर चुनाव में काम किया. स्पीकर प्रेम कुमार ने कहा कि हम इस पूरे मामले की समीक्षा करेंगे. समीक्षा के बाद प्रक्रिया के तहत जो भी सही होगा, वह फैसला लिया जाएगा.

ललन सिंह से बधाई नहीं...

आपके सामने बोला है कि मेरे मां–पिता और पुरखों ने हमको यही आशीष दिया है कि अगर कोई भी कर्ज लेना बेटा, तो कर्ज लौटा देना। और इस राजनीति के कर्ज को सूद सहित लौटा देंगे।

कार्यकर्ताओं के बल पर हमने यह चुनावी यात्रा पूरा की, नीतीश कुमार और निशांत कुमार का सक्रिय सहयोग मिला। धर्म और अधर्म की लड़ाई में पार्टी और एनडीए मजबूती से खड़ा रहा।

जदयू में जब कोई फैसला ले लिया जाता है, तो वह अंतिम होता है। यह फैसला नीतीश कुमार लेते हैं। संजय झा के इस बयान से साफ है कि अनंत सिंह को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला नीतीश कुमार ने लिया था। दिल्ली से पटना पहुंचने के बाद संजय झा ने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज करने वाले जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नीरज कुमार को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

पीएम मोदी सर्वोच्च...

नेहरू और इंदिरा गांधी को भारत रत्न दिया जा सकता है तो पीएम मोदी, जिन्होंने 25 सालों में ₹20 और बीआरआइसीएस में भारत का नाम रोशन किया, देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न के हकदार हैं.

उन्होंने आगे कहा, पीएम मोदी की 25 साल की पब्लिक सर्विस देश के प्रति प्रतिबद्धता की एक असाधारण यात्रा को दिखाती है. सांसद ने ड्रग–फ्री इंडिया का नारा देने के लिए पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भी तारीफ की.नेहरू को 1955 में भारत रत्न दिया गया था, जबकि इंदिरा गांधी को 1971 में मिला था. पिता–पुत्री की जोड़ी उस समय प्रधानमंत्री थे जब उन्हें यह अवॉर्ड मिला था. बता दें कि साहनी और आम आदमी पार्टी के छह अन्य राज्यसभा सांसदों ने अप्रैल में पाला बदल लिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे. आयोजकों ने कहा कि वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में मंजीत सिंह की 76 पेंटिंग दिखाई गई हैं, जो प्रधानमंत्री की 25 साल की सार्वजनिक सेवा को दिखाती हैं. एक्स पर एक मैसेज में शाह ने कहा, आज, मैंने नई दिल्ली में वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित %मन की बात% पर आधारित फोटो प्रदर्शनी में हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक संवाद कार्यक्रम, मन की बात, सार्वजनिक भागीदारी के जरिए देश बनाने का एक जीता–जागता उदाहरण है.

उन्होंने कहा, इसके जरिए मोदी ने देश के कोने–कोने में सुर्खियों से दूर काम कर रहे अनगिनत गुमनाम हीरो को पहचाना है और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, खादी और सफाई से लेकर पानी बचाने जैसे कई मुद्दों को बड़े आंदोलन में बदला है.

गृह मंत्री ने कार्यक्रम में आर्टिस्ट मंजीत सिंह को सम्मानित किया. शाह और दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर तरनजीत सिंह संधू ने गैलरी का दौरा किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री की सार्वजनिक सेवा पर एक लघु फिल्म दिखाई गई. गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए, साहनी ने कहा कि यह प्रदर्शनी मोदी की सार्वजनिक सेवा पब्लिक और भारत के लोगों के प्रति लगातार प्रतिबद्धता को एक ट्रिब्यूट है.

खेमनीचक में 4 गैस...

की सुबह मंडी में अचानक आग लगी. शुरुआत में आग की लपटें कुछ दुकानों तक सीमित थीं, लेकिन देखते ही देखते आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया. आग तेजी से फैलने के कारण दुकानदारों को सामान निकालने का पर्याप्त मौका नहीं मिल सका.

आग की चपेट में आकर 50 से अधिक दुकानें जल गयीं. इनमें श्रृंगार, मोबाइल रिपेयरिंग सहित कई तरह के कारोबार से जुड़ी दुकानें शामिल थीं. दुकानों में रखा सामान और कारोबार में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जलकर नष्ट हो गयी. एक साथ इतनी दुकानों में आग लगने से कारोबारियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है.

अगलगी के दौरान मंडी में स्थित एक झोपड़ीनुमा होटल में रखे चार गैस सिलिंडरों में ब्लास्ट होने की सूचना है. सिलिंडरों में विस्फोट और आग की ऊंची लपटों के कारण घटनास्थल पर अफरातफरी मच गयी. आग की चपेट में मंडी में खड़ी कई बाइक भी आ गयीं. हालांकि, जले हुए वाहनों की सही संख्या और कुल नुकसान का आकलन अभी नहीं हो सका है.

आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 से 15 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. दमकलकर्मियों ने आग को दूसरी दुकानों और आसपास के इलाकों में फैलने से रोकने के लिए लगातार प्रयास किया. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. हालांकि, तब तक बड़ी संख्या में दुकानें जल चुकी थीं.

मंडी में दुकानों के जलने से कारोबारियों को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है. दुकानों में रखा सामान, व्यापार से जुड़ी सामग्री और अन्य संपत्तियां नष्ट हो गयीं. कई दुकानदारों के सामने अब कारोबार दोबारा शुरू करने की चुनौती है. नुकसान की वास्तविक राशि का आकलन किया जाना बाकी है.

फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है. घटना के बाद नुकसान का आकलन और आग लगने की वजह की जांच की जानी है. जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आग किस कारण लगी और इतनी तेजी से मंडी की दुकानों तक कैसे फैल गयी.

गांजा तस्करी में दोषी को...

मोबाइल, आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बरामद किया गया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से छह गवाहों का परीक्षण और 19 वस्तु प्रदर्श पेश किए गए। सभी साक्ष्यों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने विजय कुमार को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

पीपा पुल : टेम्पू से 10.318 किग्रा...

पुलिस पदाधिकारी, फतुहा–01 के कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कार्रवाई 28 अक्टूबर 2026 को की गयी.

पुलिस के अनुसार, 28 अक्टूबर की सुबह करीब 10:05 बजे नदी थाना पुलिस को सूचना मिली कि रुस्तमपुर की ओर से एक सीएनजी टेम्पू में गांजा की खेप लायी जा रही है. इसे पीपा पुल के रास्ते पटना की ओर ले जाने की तैयारी थी. सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी दल का गठन किया और संदिग्ध वाहन को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू की.


सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पीपा पुल के नीचे खरबांदी की ओर घेराबंदी की. इसी दौरान एक संदिग्ध सीएनजी टेम्पू आता दिखाई दिया. पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने भागने की कोशिश की.

पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए टेम्पू को रोक लिया और उसकी तलाशी ली. तलाशी के दौरान वाहन से 10.318 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ. इसके बाद मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया.

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान वैशाली जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी संजीव कुमार (21 वर्ष), पिता अमरनाथ राय, और अमरनाथ राय (50 वर्ष), पिता मिश्रीलाल राय, के रूप में की गयी है. पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है. जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मादक पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था. इस मामले में नदी थाना में कांड संख्या 426/2026, दिनांक 28 अक्टूबर 2026 दर्ज किया गया है. पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20(बी)(द्वद्व)(बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. जब्त मादक पदार्थ और सीएनजी टेम्पू को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है.छापेमारी दल का नेतृत्व थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने किया. टीम में अपर थानाध्यक्ष देव करण बंटी, संतोष कुमार, मनोज कुमार समेत नदी थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे. पुलिस अब इस मामले में अन्य लोगों की संभावित संलिप्तता की जांच कर रही है.

दरभंगा स्नातक सीट पर राजद के...

परिणाम पर टिकी थीं। मतगणना के 10वें राउंड में भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार, राजद के अनिल कुमार झा से करीब 1,500 मतों से आगे चल रहे थे। हालांकि, जीत के लिए निर्धारित 31,911 मतों का आंकड़ा किसी प्रत्याशी के हासिल नहीं करने के कारण आगे की गिनती जारी रखी गई। गुरुवार को 32 प्रत्याशियों को छांटने के बाद शेष प्रत्याशियों के मतों की गिनती की प्रक्रिया आगे बढ़ी। एक चरण में कांग्रेस प्रत्याशी रजनीकांत पाठक के मतों की गिनती पूरी होने के बाद भाजपा प्रत्याशी 1,046 मतों से आगे थे। इसके बावजूद अंतिम परिणाम राजद के पक्ष में रहा और अनिल कुमार झा विजयी घोषित किए गए। राजद की इस जीत को पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मनाया।



अंग्रेजी शराब बरामद

सिधवलिया। सिधवलिया थाने की पुलिस ने थाने क्षेत्र के बुचेया कली टोला गांव में छापेमारी कर पुलिस ने 35.280 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बुचेया कली टोला निवासी ओसीहर राय के रूप में हुई है।

समाहरणालय, बेगूसराय
(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)
बिहार सरकार
प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार में निवासित अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी) छात्र/छात्राएँ के लिए संचालित इस विज्ञाप्ति के माध्यम से बेगूसराय जिले में वर्ष–2026 में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा, किशनगंज, नालंदा, कैमूर, मुजफ्फरपुर, जमुई कटिहार, सहरसा, सुपौल (कैम्प–सहरसा), पूर्णिया (कैम्प–कटिहार), पूर्वी चम्पारण (कैम्प– मुजफ्फरपुर), रोहतास (कैम्प– कैमूर), एवं मुंगेर (कैम्प– जमुई) में सत्र 2026–27 में वर्ग 09वीं से वर्ग 11वीं में नामांकन हेतु सूचना प्रकाशन।

नामांकन हेतु आवश्यक सूचना

*आवासीय विद्यालयों में वर्ग–09वीं एवं वर्ग–10वीं के लिए नामांकन हेतु अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष तथा वर्ग 11वीं के लिए 18 वर्ष होनी चाहिए। विद्यालय में नामांकन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार होगा।
*अभ्यर्थियों की अधिकतम परिवारिक वार्षिक आय छः लाख रूपये होनी चाहिए।
*बिहार राज्य में निवासित अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों यथा–मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन एवं पारसी के छात्र/छात्राएँ कक्ष 09वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में नामांकन हेतु आवेदन करने के पात्र होगें। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड में पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत,/उत्तीर्ण वस्तानिया के छात्र/छात्राएँ कक्षा 09वीं तथा फौकानिया में अध्ययन/उत्तीर्ण छात्र/छात्राएँ कक्ष 11वीं में नामांकन हेतु आवेदन करने के पात्र होगें।
*आवेदन ऑनलाईन विभागीय बेवसाईट https://minority.bihar.gov.in/schoolmis/ पर उपलब्ध पोर्टल से किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद छात्र/छात्राओं के द्वारा भरे गए आवेदन फॉर्म को बेवसाईट से डाउनलोड कर प्रिन्ट आउट निकालकर संबंधित जिला के जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से जमा करना अनिवार्य होगा।
*प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र ऑनलाईन विभागीय बेवसाईट https://minority.bihar.gov.in/schoolmis/ के पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा।
*ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यार्थियों को अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति, आय, आवासीय प्रमाण–पत्र शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों की स्व0अभिप्रमाणित प्रति (यदि उत्तीर्ण हो), फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एवं उम्र सीमा संबंधी प्रमाण–पत्र को निर्धारित स्थान पर अपलोड करना आव यक होगा।
*अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को चयनित कर उनको सर्वागीण विकास हेतु उन्हे मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक रूप से सक्षम बनाने का उद्देश्य।
*नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई की उत्तम व्यवस्था।
*आवासीय विद्यालयों में छात्र/छात्राओं को निःशुल्क (free) नामांकन के साथ निःशुल्क (free) आवासन (भोजन, वस्त्र, दवा, पुस्तक) आदि की आधुनिकतम सुविधा।
*आधुनिक सुविधायुक्त प्रयोगशाला।
उच्च माध्यकि कक्षाओं (Intermediate) में PCM, PCB, ARTs आदि विषयों के पठन–पाठन की सुविधा।
***आवेदन प्रक्रिया की तिथि आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथिः– 15.10.2026 से 03.11.2026 तक**
*** प्रवेश :– पत्र डाउनलोड करने की तिथि :– 07.11.2026 से 10.11.2026 तक**
*** परीक्षा तिथि :– 12.11.2026**
*** परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि :– 25.11.2026**
*** नामांकन की तिथि :– 01.12.2026 से 07.12.2026 तक**
सत्र प्रारम्भ की तिथि– 08.12.2026

उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण
बेगूसराय

PR- 014359 (Minority Welfare) 2026-27

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से भी प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना–८००००१ से प्रकाशित
सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष–३१ संख्या–०९७३९२८
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०–७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ–मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।